राष्ट्रदूत उदयपुर, 4 अक्टूबर, 2014

सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

उदयपुर, (कासं)। विश्व, देश, राज्य व अंचल स्तर पर समाज सेवा, विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित क रने के संबंध में महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मान के तहत प्रविष्टियां आगामी 29 नवंबर तक आमंत्रित की गई है। आगामी 22 मार्च 2015, रविवार को होने वाले 33 वें महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण सम्मान समारोह में फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ विभूतियों को सम्मानित करेंगे। समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि सम्मानों के लिए उत्कृष्ट प्रंदर्शन करने वाली प्रतिभाएं आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र फाउंडेशन की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र निःशुल्क सिटी पैलेस उदयपुर के बड़ी पोल स्थित काउंटर से प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. मयंक के अनुसार फाउण्डेशन की फेहरिस्त में विश्व बंधुत्व की भावना को प्रेरित करने के लिए कर्नल जेम्स टॉड सम्मान किसी विदेशी मनीषी को दिया जायेगा। जबकि पत्रकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए हल्दीघाटी सम्मान दिया जायेगा। इसी प्रकार कौमी एकता के लिए राष्ट्रीय स्तरीय हक़ीम खां सूर सम्मान से नवाजा जायेगा। मानव कल्याण एवं पर्यावरण में योगदान के लिए महाराणा उदयसिंह सम्मान। पन्नाधाय सम्मान, महाराणा मेवाड़ सम्मान, महाराणा कुंभा सम्मान, महाराणा सज्जनसिंह सम्मान, डागर घराना सम्मान, राणा पूंजा एवं अरावली सम्मान आदि शामिल है।